<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**11 सितंबर** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को परखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पचीस वर्षों के सेवा काल की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने के दिए निर्देश।
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के सिविल अस्पताल में नई सुविधाओं का किया उद्घाटन। कहा– अस्पतालों के बीच समन्वय से जनता को मिलेंगी गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं।
- शिक्षकों के लिए तीन नवंबर को होगी स्पेशल टीईटी। चार अक्टूबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।
- चित्रकूट में भाद्रपद अमावस्या मेला शुरू। मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगा कर कामदगिरि की परिक्रमा कर रहे हैं श्रद्धालु।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचीस वर्षों के निरंतर सेवा काल पूरा होने के अवसर पर सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर तक सरकार और भारतीय जनता पार्टी की ओर से 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की उपस्थिति में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। एक रिपोर्ट.....

***बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के दौरान सेवा गतिविधियों, विकास कार्यों, लाभार्थियों की वास्तविक कहानियों, युवाओं की प्रतिभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को जोड़कर अभियान को 'सेवा से संकल्प' की व्यापक यात्रा के रूप में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाए। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'सेवा दिवस के तहत दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। इनके अतिरिक्त प्रमुख स्मारकों और पर्यटन स्थलों पर 'नमो सेवा' थीम पर लेजर शो, तीर्थस्थलों और शक्तिपीठों में राष्ट्र कल्याणएवं विकसित भारत के संकल्प के लिए महायज्ञ, 25 सितंबर को ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

सेवा संकल्प अभियान को लेकर मुख्यमंत्री ने कल प्रदेश के सभी सांसदों, विधायकों, महापौरों, और जिला पंचायत प्रशासकों सहित नगर पंचायत और ब्लाक स्तर के जन प्रतिनिधियों के साथ भी वर्चुअल बैठक की।

**मुख्यमंत्री ने सभी जन प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे अपनी सक्रिय भागीदारी से इस अभियान में गांव से लेकर शहर तक समाज के हर वर्ग को जोड़ें। मुख्यमंत्री ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सत्रह सितंबर की शाम आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम में लाभार्थी परिवारों के साथ दीप प्रज्जवलित किए जाएगें। साथ ही सरकार की योजनाओं से बने प्रमुख भवनों और विकास परियोजनाओं के स्थलों पर भी दीप जलाए जाएंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को निर्देशित किया कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करें। समाचार कक्ष से रितेश।**

उधर, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में कल सेवा संकल्प अभियान की कार्ययोजना को लेकर देश के सभी राज्यों के नगर विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शामिल हुए। श्री शर्मा ने बताया कि पचीस सितंबर से दो अक्टूबर तक कुल एक सौ सत्तावन घंटे का अनवरत स्वच्छता अभियान प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में चलाया जाएगा।

**********

उप मुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कल लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में स्ट्रोक यूनिट, सुपर–स्पेशियलिटी ओपीडी और न्यूरो सर्जरी वार्ड का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने कई नई स्वास्थ्य सुविधाओं की शुरुआत भी की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गंभीर रोगों वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा देने के लिए सरकार ने विभिन्न अस्पतालों के बीच समन्वय स्थापित करने की शुरुआत की है।

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी व स्ट्रोक के जो पेशेंट्स आते थे, न्यूरोलॉजी के उनको तत्काल उच्च कोट की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित हो, इसके लिए लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और सिविल अस्पताल के बीच में समन्वय स्थापित करते हुए और वहां के चिकित्सक आ करके यहां पर ओपीडी करेंगे, मरीजों को उच्च कोट की चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे जो कि सिविल अस्पताल में सुविधाएं पहले उपलब्ध नहीं थी। अतः सिविल अस्पताल को उच्चीकृत करते हुए यहां पर चिकित्सीय सुविधाएं बढ़ाने का काम किया है और इस प्रयोग को हम अन्य अस्पतालों में भी ले जाएंगे।**

**********

शिक्षकों के लिए स्पेशल टीईटी तीन नवंबर को आयोजित की जाएगी। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्पेशल टीईटी के आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया पांच सितंबर से शुरू हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि चार अक्टूबर है, वहीं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर दो हजार छब्बीस निर्धारित की गई है।

**********

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कल बिजनौर में महिलाओं से संबंधित विवादों पर जनसुनवाई की। साथ ही उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों को संबोधित भी किया।

**ये बहनें केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं हैं। बल्कि ये सभी बहनें विकसित भारत के संकल्प को लेकर अपनी प्रगति करने वाली सभी बहनें हैं। आप सभी वो शक्ति है जो परिवार को संवारती है, समाज को दिशा देती है और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण भी करती है।**

**********

सरकार ने दो जिलों के जिलाधिकारियों सहित पांच आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को बहराइच का नया जिलाधिकारी बनाया है। वहीं समीर अब जालौन के नये जिलाधिकारी होंगे।

**********

चित्रकूट में भाद्रपद अमावस्या मेला शुरू हो गया है। मेले में श्रद्धालुओं का आगमन कल से ही होने लगा था। देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और कामदगिरि की परिक्रमा कर रहे हैं। वहां के पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाएं की हैं।

**हमारे इस मेले की सुरक्षा में डिप्टी एसपी रैंक के 14 अफसर हैं। एसओ इंस्पेक्टर 15 लगे हुए हैं। 36 इंस्पेक्टर 262 सब इंस्पेक्टर 13 महिला सब इंस्पेक्टर, 820 कांस्टेबल हेड कांस्टेबल, 125 महिला कांस्टेबल, ट्रैफिक के 18 उप निरीक्षक और 80 कांस्टेबल्स पीएसी की दो कंपनियां हैं। फ्लड प्लाटून भी हमारे पास दो प्लाटून हैं।**

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। वर्षा  और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य के छब्बीस ज़िले बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन लगातार निगरानी करते हुए राहत और बचाव कार्यों को संचालित कर रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार कल आठ हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इस बीच राज्य की कई नदियां अब भी उफान पर हैं। मौसम विभाग ने चार दिनों में प्रदेश के कई जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।

**********

प्रदेश के अलग–अलग जिलों में कल राष्ट्रीय लोक अदालतों के आयोजन किए जाएंगे। इटावा के जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी ने कल वहां राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्राधिकरण की सचिव ने अधिकाधिक पात्र वादियों से राष्ट्रीय लोक अदालत में आने की अपील की।

**मेरी जनता से यह अपील है कि यह उनके लिए अह बहुत ही सुनहरा मौका है कि वह अपने मुकदमों का निस्तारण हमारे पास आकर करवा सकते हैं। ना उनसे हम कोई अतिरिक्त शुल्क लेंगे और यदि पहले से उनके कोई दीवानी प्रकरण लंबित हैं और उसमें वह समझौता करते हैं, तो न्याय शुल्क की वापसी की भी व्यवस्था है।**

**********

सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण–ई–कॉमर्स नियम दो हजार बीस में संशोधन किया है। संशोधित नियमों के तहत किसी उत्पाद की कीमत कम करने पर ई–कॉमर्स कंपनियों को घटी हुई कीमत के साथ उसकी पिछली कीमत भी बतानी होगी। ये नियम अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होंगे।

**********